# राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल

राज्य में राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थीयों के कैरियर (व्यवसाय) हेतु मार्गदर्शन की अति आवश्यता है | इस हेतु यूनिसेफ के सहयोग से शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा **"राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल"** विकसित किया गया है |**"राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल"** शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत कुल 10,74,074 बालक एवं 10,42,621 बालिकाओं (कुल 21,16,695 विद्यार्थीयों) जिन्हे कैरियर निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन एवं अवसर प्राप्त नहीं होता है, हेतु एक प्रयास है |


यह पोर्टल एक ऑनलाइन पोर्टल होगा जिसके माध्यम से कक्षा 9-12 के छात्र हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में 200+ व्यावसायिक और 237 पेशेवर करियर की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी छात्रवृत्ति, शिक्षा योजनाओं, कॉलेज विकल्पों, विभिन्न प्रवेश परीक्षा विवरणों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे | **"राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल"** के माध्यम से छात्र 455+ कैरियर विकल्पों, 10,000+ कॉलेजों और 960+ छात्रवृत्ति और 955+ प्रवेश परीक्षाओं से सम्बंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे | **"राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल"** को **https://rajcareerportal.com** पर क्लिक करके देखा जा सकता है | इस पोर्टल पर कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी एवं कक्षा 9 से 12 वाले प्रत्येक विद्यालयों का लॉगिन बनाया गया है, जहाँ से लॉगिन पश्चात यह विभिन्न सूचनाएँ प्राप्त की जा सकेंगी |

## "राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल" के उपयोग हेतु –


**Step 1: www.rajcareerportal.com** पर जाये और लॉगिन करने के लिये अपना विद्यार्थी यूनिक आई.डी. और डिफ़ॉल्ट पासवर्ड (123456) डालें। **(विद्यार्थी यूनिक आई.डी. स्कूल कोड और स्कूल रजिस्टर नं से मिलकर बना है | उदाहरण के लिये अगर आपका स्कूल कोड 4247 हैं और स्कूल रजिस्टर नं 425 हैं तो आपका विद्यार्थी यूनिक आई.डी 4247425 होगा )**




**Step 2:** भाषा का चयन करने से, करियर संबंधी जानकारी चयनित की गयी भाषा में दिखेगी।





**Step 3:** “**मेरा करियर**” फॉर्म में अपने करियर चयन के हिसाब से जगह, डिग्री, डिप्लोमा और करियर क्लस्टर सेलेक्ट कर सकते। यह चयनित Options आगे कभी भी बदले जा सकते हैं।




**Step 4:** लॉगिन पश्चात डैशबोर्ड में 460 से अधिक **करियर**, 6400 से अधिक **कॉलेज**, 1000 से अधिक **प्रवेश परीक्षा**, वोकेशनल कोर्सेस और 930 से अधिक **छात्रवृति** के बारे में जानकारी मिलेगी।





**करियर डैशबोर्ड** में आपके लिये करियर संबंधी जानकारी जैसे ये करियर क्या है, किस तरह की नौकरी लगती है, कितनी फीस लगेगी पता चलेगा।यहाँ से आपको करियर की पूरी जानकारी मिलेगी।



**<u>कॉलेज</u> डैशबोर्ड** में आप कॉलेज की जानकारी राज्य, शहर के अनुसार ढूंढ़ सकते। इस ऑप्शन के माध्यम से कॉलेज में पढ़ाए जाने वाले सभी कोर्सेज की जानकारी भी ले सकते। राजस्थान के सभी कॉलेज की जानकारी मिल सकती हैं।




**<u>प्रवेश परीक्षा</u> डैशबोर्ड** में आप किसी भी एग्जाम के बारे में जानकारी ले सकते हैं जो किसी भी कॉलेज में प्रवेश के लिये ज़रूरी हैं। फॉर्म की अंतिम तिथि, फीस और वेबसाइट के बारे में जानकारी मिलेंगी।



**छात्रवृत्ति डैशबोर्ड** में छात्रवृत्ति, प्रतियोगिता और फैलोशिप के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।
यह जानकारी आपको अपनी पढाई को आगे बढ़ने में मदद करेगी ।

